हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 24 फरवरी 2025

12 पुष्प वर्षा के बीच डबवाली में हुई 21 नव दंपतियों की जयमाला



12 सीडीएलयू में स्त्री-पुरुष समानता पर वर्कशॉप का आयोजन



## खबर संक्षेप

### केस करने से खफा पति ने पत्नी पर बोला हमला

**फतेहाबाद।** गांव नहला में एक पति द्वारा पत्नी द्वारा किए गए केस से खफा होकर उस पर हमला कर उसे घायल करने का समाचार है। घायल महिला को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में भूना पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव नहला निवासी कविता ने कहा है कि उसकी शादी करीब 14 साल पहले बीरू नामक युवक के साथ हुई थी। अब उसके पति ने बिन्दु नामक लडक़ी को गैर कानूनी तरीके से शादी करके रखा हुआ है। इसको लेकर कई बार ग्राम पंचायत के माध्यम से उसके पति को समझाने की कोशिश की लेकिन उसका पति नहीं माना।

### दो बाइकों में टक्कर एक व्यक्ति की मौत

**फतेहाबाद।** गांव अकांवाली के समीप दो मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसकी बेटी और पोता दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं आरोपी मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अयाल्की निवासी सुमन बाई ने कहा है कि वह अपने पिता प्रताप सिंह व बेटे आशीष निवासी अयाल्की के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिरसा जिले के गांव कुतावढ़ से अपने गांव अयाल्की आ रहे थे।

### जिले से दो युवतियों सहित तीन लोग लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों सहित तीन लोगों के लापता होने का समाचार है। तीनों मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बोदीवाली निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी करीब 19 साल की लडक़ी गत दिवस डिंग मण्डी स्थित गल्र्ज कॉलेज में जाने की बात कहकर घर से गई थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### चेयरमैन सोमवार को गांवों में सुनेंगे शिकायतें

**रतिया।** हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन प्रो. रविन्द्र बलियाला सोमवार 24 फरवरी को अनेक गांवों में लोगों की शिकायतें सुनेंगे। इस बारे जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन प्रो. रविन्द्र बलियाला 24 फरवरी को सुबह 10 बजे नागपुर, 11 बजे चंदकोठी, 12 बजे भिरड़ाना, 3 बजे भूथन खुर्द, 5 बजे नथवान में शिकायतें सुनेंगे। चेयरमैन 25 फरवरी को सुबह 11 बजे गांव लाली और दोपहर बाद 3 बजे शेखूपुरिया में शिकायतें सुनेंगे।

### 7वां श्री सुंदरकांड पाठ एवं रात्रि जागरण 1 को

**रतिया।** आगामी 1 मार्च को श्री बाला जी महाराज श्री काजलां धाम हिसार के सौजन्य से श्री काजलां धाम भगत मंडल द्वारा 7वां श्री सुंदरकांड पाठ एवं रात्रि जागरण का भव्य आयोजन अनाज मंडी प्रांगण में बड़ी धूमधाम से किया जाएगा। भव्य रात्रि में गुरु जी महाराज काजलां धाम प्रेरणा स्त्रोत ब्रह्मलीन रमेश कुमार जोशी के आशीर्वाद से गुरु महाराज काजलां धाम अंजनी कुमार जोशी बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे। श्री बालाजी प्रेमियों ने बताया कि इस भव्य रात्रि में उत्सव स्थल की फूलों व रंगीन लाइटों व श्री बालाजी दरबार की आलौकिक श्रृंगार के साथ भव्य सजावट की जाएगी।

# महाशिवरात्रि 26 फरवरी को, 60 साल के बाद बना दुर्लभ ग्रह योग

- सूर्य शनि की कुंभ राशि में रहेंगे
- मकर राशि के चंद्रमा की उपस्थिति में तीन ग्रह युति बनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भगवान शिव के भक्तों के लिए इस बार की महाशिवरात्रि काफी विशेष होने वाली है। 26 फरवरी को इस बार जो महाशिवरात्रि आएगी, उसमें 60 साल बाद दुर्लभ योग बन रहे हैं। वर्ष 1965 के बाद यह दूसरा मौका है, जब महाशिवरात्रि धनिष्ठा नक्षत्र, परिघ योग, शकुनी करण और मकर राशि के चंद्रमा की उपस्थिति में आ रही है। इस दिन चार प्रहर की साधना से शिव की कृपा प्राप्त होगी। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी सोनू शर्मा ने बताया कि वर्ष 1965 में जब महाशिवरात्रि का पर्व आया था, तब सूर्य, बुध और शनि कुंभ राशि में गोचर कर रहे थे। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि को भी मकर राशि के चंद्रमा की उपस्थिति में यही तीन ग्रह युति बनाएंगे। सूर्य और शनि पिता-पुत्र हैं और सूर्य शनि की राशि कुंभ में रहेंगे। यह एक विशिष्ट संयोग हैं, जो लगभग एक शताब्दी में एक बार बनता है।

### इस नक्षत्र में पूजा से धन की होती है प्राप्ति

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि व्रत, जप, तप और स्वाध्याय करते हुए शिवरात्रि महापर्व पर साधना करने से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि इस शुभ प्रबल योग में की गई साधना आध्यात्मिक और धार्मिक उन्नति प्रदान करती है। आर्थिक उन्नति के लिए भगवान शिव का गन्ने के रस से अभिषेक करना चाहिए।

### सूर्य-बुध के त्रिकोण का मिलता है लाभ



पंडित सोनू शर्मा के अनुसार पराक्रम और प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए सूर्य-बुध के केंद्र त्रिकोण योग का बड़ा लाभ मिलता है। इस योग में विशेष प्रकार से साधना और उपासना की जानी चाहिए। इस दिन सुबह से ही मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ जमा हो जाती है। सभी भक्त प्रभु की पूजा-अर्चना में जुट जाते हैं। कई लोग इस दिन अपने-अपने घरों में रुद्राभिषेक भी करवाते हैं। भगवान भोलेनाथ की कई प्रकार से पूजा अर्चना की जाती है। लेकिन महाशिवरात्रि पर यदि भक्त बेलपत्र से भगवान शिव की विशेष पूजा करें तो उनके धन संबंधी दिक्कतें दूर हो जाएंगी।

## एक बार फिर शहर की सड़कों पर रेहड़ियों का होने लगा कब्जा

# दुकानदारों से विवाद के बाद ठंडा पड़ा नप का अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। थाना रोड पर लगा जाम। फोटो : हरिभूमि

प्रशासन के तमाम प्रयासों के बावजूद शहरवासियों को जाम की समस्या से निजात मिलती नजर नहीं आ रही। कई दिनों तक अतिक्रमण हटाने को लेकर एक्टिव दिखी नगरपरिषद टीम की कार्रवाई दुकानदारों के साथ हुए विवाद के बाद ठंडी पड़ चुकी है। यही कारण है कि एक बार फिर शहर की सड़कों पर रेहड़ियों का कब्जा होने लगा है। इनके कारण शहर की सडक़ों पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। दिनभर बाजारों में लगने वाला वाहनों का जाम शहर वासियों के लिए नासूर बन गया है। हालात इतने बदतर हो गए हैं कि बाजारों में दो मिनट में तय होने वाली दूरी 15 से 20 मिनट में पूरी होती है। बाजारों की व्यवस्था सुधार को लेकर फतेहाबाद प्रशासन पूरी तरह से नाकाम साबित होता नजर आ रहा है, जिसमें सबसे ज्यादा फ्लॉप शो नगर परिषद का रहा है।

नगर परिषद अतिक्रमण पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। नगर परिषद के पास तहबाजारी की टीम ही नहीं है। बाजारों की सड़कों पर अव्यवस्थित ढंग से रेहडियां लगती हैं। दुकानदार रुपए लेकर अपनी दुकानों के आगे रेहडिय़ों लगवाते हैं। नगर परिषद ने बाजारों में पार्किंग की भी व्यवस्था नहीं कर रखी। सड़कों पर नो पार्किंग में वाहन खड़े रहते हैं। एक तो दुकानदारों का अतिक्रमण, दूसरा सडक़ पर लगी रेहड़ी व तीसरा सडक़ पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों के कारण बाजार के रास्ते की चौड़ाई आधी से भी कम रह जाती है, जिसके कारण जाम लगता है।

मौजूदा हालातों की हकीकत में शहर पूरी तरह से अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गया है। शहर की सभी बड़ी समस्याओं से मुक्ति दिलवाने के लिए हांसी प्रशासन के पास कोई भी मास्टर प्लान नहीं है। बता दें कि फतेहाबाद शहर की कुल आबादी करीब 73 हजार के करीब है। फतेहाबाद में कुल 27 वार्ड हैं। शहर में करीब 30-35 शोरूम, 20-25 प्राइवेट अस्पताल, 2 हजार छोटी-बड़ी दुकानें हैं व करीब 20 बैंक हैं।

### फव्वारा चौक पर फ्रूट रेहड़ी वालों को कब्जे की छूट

शहर में अव्यवस्थित ढंग से रेहडियां लगती हैं, जिनके कारण शहर की व्यवस्था पूरी तरह खराब रहती है। बस स्टैंड के पीछे बाजार, बस स्टैंड के सामनें, पुरानी सब्जी मंडी के पास और फव्वारा चौक पर रेहडिय़ां लगती है, जिनके कारण यहां जाम लगा रहता है। नगरपरिषद का जब भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलता है तो उसकी पहली बार हंस मार्किट में गरीब रेहड़ी वालों पर पड़ती है जबकि फव्वारा चौक पर फ्रूट की रेहडिय़ां लगाने वालों को नगरपरिषद की टीम हाथ तक नहीं लगाती। नगर परिषद रेहड़ी शिफ्टिंग के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। नगर परिषद ने हंसमार्किट से रेहडियां शिफ्ट करने की बात कही थी, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ है। बस स्टैंड के पीछे बाजार में तो आधे से ज्यादा रोड पर दुकानदार व रेहड़ी वालों का कब्जा है। जिस कारण आमजन को खासी परेशानी होती है और जाम लगता है। अब शहर में ऑटो व ई-रिक्शा भी अव्यवस्थित ढंग से दौड़ती हैं। जिससे जाम लगा रहता है।

### अधिकारी बोले : जल्द मिलेगा जाम से छुटकारा

शहर में लगने वाले जाम को लेकर नगरपरिषद अधिकारियों का कहना है कि शहर को जाम से मुक्ति दिलवाने के लिए हमने शॉर्ट टर्म व लॉन्ग टर्म दोनों प्रकार के प्लान तैयार कर लिए हैं। जल्द ही इन दोनों प्लानों को शहर में लागू करेंगे। इसके लिए हमें जनता का सहयोग भी बहुत जरूरी है। ये प्लान लागू होने के बाद शहर में जाम से छुटकारा मिलेगा। अतिक्रमण हटाने के लिए भी कार्रवाई की जाएगी। हमारी कोशिश है कि हम शहर की सभी समस्याओं का समाधान करवाएं ताकि आमजन को कोई परेशानी न हो। इसके लिए हमने आगामी कई प्लानिंग की है।। हमारी शहरवासियों से अपील हमारा सहयोग करें।



सिरसा। प्रतियोगिता में ओवरऑल विजेता टीम को सम्मानित करते मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

# जेसीडी मेमोरियल कॉलेज बना ओवरऑल विजेता

- जेसीडी विद्यापीठ में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता, अर्जुन अवार्डी राजकुमार सांगवान ने विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जेसीडी विद्यापीठ में 19वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में ओवर ऑल विजेता जेसीडी मेमोरियल कॉलेज रहा जबकि रनरअप जेसीडी डेंटल कॉलेज रहा। तीसरे नंबर पर जेसीडी कॉलेज ऑफ एजूकेशन रहा। दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में मुख्यातिथि अर्जुन अवॉर्डी बॉक्सर राजकुमार सांगवान थे जबकि अध्यक्षता जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने की। डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि लक्ष्य पाने का जुनून प्रत्येक परिस्थिति में बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेकर न केवल वे अपने व्यक्तित्त्व का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं, अपितु इसको अपने जीवनयापन का स्त्रोत भी बना सकते हैं। खेल के माध्यम से हम खिलाड़ी के अच्छे चरित्र का निर्माण कर सकते हैं। मुख्यातिथि राजकुमार सांगवान ने कहा कि विद्यार्थियों को किसी न किसी खेल में जरूर भाग लेना चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि खिलाड़ी राज्य स्तर या राष्ट्रीय स्तर पर अपने राज्य और देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। उन्होंने कहा कि खेल को अपनाते हुए हम युवा वर्ग को नशे से दूर ले जा सकते हैं। हार कर जीतने में ही जीवन की सफलता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सात्विक भोजन ग्रहण करने व फास्ट एवं जंक फूड से दूर रहने की नसीहत दी।



फतेहाबाद। नगरपरिषद में कार्यालय के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते प्रधान राजेन्द्र खिंची। फोटो : हरिभूमि

### नगरपरिषद में कर्मचारी संघ के दफ्तर का निर्माण शुरू, संघ ने जताया आभार

**फतेहाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ को जल्द ही अपना नया कार्यालय मिल जाएगा। नगरपरिषद प्रांगण में यूनियन दफ्तर को लेकर निर्माण कार्य शुरू हो गया है। नगरपरिषद फतेहाबाद के प्रधान राजेन्द्र खिंची ने नींव पत्थर रखकर कार्यालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। नया कार्यालय का निर्माण शुरू होने से नगरपरिषद कर्मचारियों में भी खुशी का माहौल है और संघ के पदाधिकारियों ने इसको लेकर नगरपरिषद अधिकारियों, प्रधान, उपप्रधान व पार्षदों का आभार जताया है। इस अवसर पर पार्षद सुरेन्द्र डींगवाल, पार्षद ज्योति मेहता के अलावा नगरपालिका कर्मचारी संघ फतेहाबाद इकाई के प्रधान विजय ढाका, सचिव ओमप्रकाश लोट, वरिष्ठ उपप्रधान सत्यवान टांक, कोषाध्यक्ष वीरू रत्ति, उपप्रधान नरेश राणा, संगठनकर्ता अमित गिल, प्रेस सचिव राजाराम, ओमप्रकाश झलनियां, पवन दरोगा, जगदीश दरोगा, राज्य वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तुषामड़, पवन चिंडालिया सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। संघ के प्रधान विजय ढाका ने कहा कि नगरपालिका कर्मचारी संघ काफी समय से प्रशासन से संघ कार्यालय के निर्माण की मांग कर रहा था।

# बुनियाद लेवल-2 का परिणाम घोषित, 375 विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण, सिंबलवाला का छात्र मोहित रहा जिले में प्रथम

**खास बातें**

- उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों में 94 लड़कियां और 181 लड़के शामिल
- जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी
- रीतू और विरेन 94-94 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शिक्षा निदेशालय द्वारा बुनियाद कार्यक्रम लेवल-2 के बैच 2025-27 के लिए जिला स्तरीय परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। लेवल-2 की इस परीक्षा में जिले के 375 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। इनमें 194 लड़कियां और 181 लडक़े शामिल हैं। इस शानदार परिणाम पर जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी है और लेवल 3 की परीक्षा के लिए अपनी शुभकामनाएं दी है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ मुकेश कुमार ने बताया कि पहले लेवल में परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 1097 विद्यार्थियों में से 1056 विद्यार्थियों ने लेवल-2 की जिला स्तरीय परीक्षा दी थी। इसमें से कुल 375 विद्यार्थियों ने लेवल 2 की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

इसमें भट्टूकलां ब्लाक से 44, भूना से 89, फतेहाबाद से 90, जाखल से 16, रतिया से 61 व टोहाना के 75 विद्यार्थी शामिल है। राजकीय मिडल स्कूल सिंबलवाला के छात्र मोहित कुमार ने 120 अंक लेकर प्रथम हासिल किया वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनावाली की छात्रा रीतू व राजकीय मिडल स्कूल ढाणी ढाका के छात्र विरेन ढाका 94-94 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। राजकीय हाई स्कूल मोचीवाली के हर्ष ने 91 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। टॉप थ्री स्कूलों की बात करें तो लेवल 2 की परीक्षा में राजकीय हाई स्कूल ढाणी गोपाल पहले स्थान पर रहा। इस स्कूल के 11 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है जिसमें 3 लड़कियां व 8 लडक़े शामिल है। राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेण्डरी स्कूल इंदाछोई दूसरे स्थान पर रहा। इस स्कूल के 10 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की जिसमें 7 लड़कियां व 3 लडक़े शामिल है। राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल नहला के 9 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा पास की और यह स्कूल तीसरे स्थान पर रहा।

जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने बताया कि अब इन चयनित विद्यार्थियों की तीसरे लेवल की परीक्षा ली जाएगी। इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को दो साल तक मिशन बुनियाद के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के बीच में एक स्वतंत्र, सकारात्मक और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाना है ताकि वह अपने आगामी जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद सैंटर पर दो वर्ष के लिए पढ़ाई करवाई जाती है। बुनियाद सैंटर पर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को स्टेशनरी, वर्दी, परिवहन यात्रा भत्ता व अन्य सुविधाएं हरियाणा सरकार, शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान की जाती है ताकि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मिशन बुनियाद व सुपर-100, हरियाणा सरकार व शिक्षा विभाग का सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एक बेहतरीन अवसर है। सुपर 100 में दाखिला होने के बाद विद्यार्थी को कक्षा 11वीं व 12वीं मेडिकल व नॉन मेडिकल में पढ़ाने के साथ-साथ एमबीबीएस, आईआईटी व एनडीए प्रतियोगिता की तैयारी हरियाणा सरकार द्वारा निःशुल्क करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को सरकारी सुविधाओं, योजनाओं जैसे सुपर-100, मिशन बुनियाद का लाभ दिलवाने के लिए उनके दाखिले सरकारी स्कूल में करवाए।



भूना। बायो एनर्जी प्लांट के बाहर नारेबाजी करते मजदूर।

### मजदूरी नहीं मिलने पर बायो एनर्जी प्लांट के गेट पर ताला लगाया

**भूना।** फतेहाबाद बायो एनर्जी प्लांट डूल्ट में लोहे के शेड निर्माण करने वाले मजदूरों और मिस्त्रियों ने रविवार को मुख्य गेट पर तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया। मजदूरों का आरोप है कि पांच महीने पहले किए गए काम की मजदूरी अब तक नहीं मिली। प्रदर्शनकारियों ने प्लांट अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की और पुलिस में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। मजदूरों ने बताया कि प्लांट के महाप्रबंधक मजदूरी देने की बजाय धमका रहे हैं। रविवार को जब मजदूरी मांगी गई तो उन्होंने गाली-गलौज की और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। महाप्रबंधक ने कहा कि उनके संबंध केंद्र सरकार के गृह मंत्री से हैं और अगर किसी ने ऊंची आवाज में बात की तो उसकी जुबान खींच लेंगे। इस धमकी के बाद मजदूर भडक़ गए और गेट पर ताला लगाकर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों में राजेंद्र सिंह, जनक राज, रविंद्र कुमार, अजय कुमार, श्रीनाथ, राजकुमार, राजीव कुमार, राजू सैनी, सोनू, जयबीर सिंह, प्रवीन कुमार, पिंटू, विनोद कुमार और मनप्रीत सिंह शामिल थे। मजदूरों ने बताया कि करीब तीन महीने पहले उन्होंने लोहे के शेड का निर्माण किया था। मजदूरी के करीब साढ़े सात लाख रुपये बनते हैं, लेकिन अब तक भुगतान नहीं हुआ। लगातार आश्वासन दिए जा रहे हैं, पर पैसे नहीं मिले।



कालांवाली। नशीली दवाओं के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

### 2500 नशीली गोलियां और कैप्सूल सहित युवक काबू

**कालांवाली।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने एक युवक को बड़ी मात्रा मे नशीली गोलियां के साथ काबू करने में कामयाबी हासिल की है। सीआईए कालांवाली प्रभारी इंस्पेक्टर विरेंद्र सिंह ने बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान कालांवाली से आरोपी शिव कुमार पुत्र कृष्ण कुमार निवासी कालांवाली को 2500 नशीली दवाओं के साथ काबू किया है। जिसमें 1500 कैप्सूल सिग्रोर, 300 कैप्सूल सिग्नेचर, 700 गोलियां टेंपटाडोल बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि मौके पर ड्रग इंस्पेक्टर को बुलाकर दवाओं के सैंपल लेकर आगे की कार्यवाही की गई है।

**जागरुकता** किसी बैंकिंग वेबसाइट की हूबहू डुप्लीकेट वेबसाइट बनाते हैं साइबर अपराधी

# टास्क पूरा करने तथा मोटे मुनाफे का झांसा देकर लोगों को बनाया जा रहा ठगी का शिकार: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने आमजन को आगाह करते हुए कहा है कि साइबर अपराधी बदलते समय के साथ-साथ ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं,आपको घर बैठे मोटी कमाई का लालच देकर अलग-अलग टास्क करने का लालच देते हैं। साइबर अपराधियों के झांसे में आकर लोग पल भर में लाखों रुपए गंवा बैठते हैं। जिला पुलिस द्वारा आमजन को साइबर ठगी से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की जा रही है। जिसमें आमजन को सोशल मीडिया पर साइबर अपराधियों के द्वारा बिछाए गए जाल के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कई बार साइबर अपराधी आमजन को कुछ मिनटों में लोन दिलाने के नाम पर, नौकरी दिलाने के नाम पर, ट्रेडिंग कर मुनाफे के नाम पर चूना लगा रहे हैं। साइबर अपराध के तरीके बदलते समय के साथ साइबर फ्रॉड ठगी के नए-नए पैंतरे अपना रहे हैं। साइबर अपराधी नए तरीके से इस तरह से लोगों को अपने जाल में फसाते हैं, कि उन्हें समझ में भी नहीं आता कि आखिर उनके साथ क्या हो रहा है ।

### साइबर ठगी होने पर तुरंत करें संपर्क

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर अपराध होने पर तुरंत अपनी शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दर्ज करवाएं। इसके अलावा साइबर ठगी होने पर आप साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन अथवा संबंधित थाने में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं ताकि पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के बैंक अकाउंट को फ्रीज करके ठगी गई राशि वापस आपके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करवाई जा सके।

### ऑनलाइन फ्रॉड से कैसे बचें



पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले साइबर अपराधी किसी बैंकिंग वेबसाइट की हूबहू डुप्लीकेट वेबसाइट बनाते हैं। जिस पर आरबीआई की सभी शर्त और गाइडलाइन भी मेंशन करते हैं। जो एप्स प्रोसेसिंग फीस या प्री क्लोजर फीस ज्यादा मांगे, उनके इस्तेमाल से परहेज करना चाहिए। अनवेरीफाइड ऑनलाइन बैंकिंग एप्स जो उधार देते हों, उनसे बचना चाहिए। ऐसे फ्रॉड ऐप आपसे आपकी गोपनीय जानकारियां जैसे बैंक खाते संबंधित डिटेल्स, क्रेडिट और डेबिट कार्ड की जानकारी, पिन कार्ड या एड्रेस मांगते हैं। किसी एप से लोन लेने से पहले एप स्टोर पर ऐसे एप की रेटिंग चेक करें. अगर ऐसे एप आरबीआई और नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी से जुड़े हुए खुद को बता रहे हैं तो एक बार वेरिफाई जरूर कराएं. किसी भी प्रोसीड ऑप्शन पर क्लिक करने से पहले सभी जरूरी विवरणों को जरूर देखें।



## स्वास्थ्यवर्धक है लस्सी

भारतीय ग्रामीण खान-पान में लस्सी खास अहमियत रखती है। लस्सी में कैल्शियम, विटामिन डी, और लैक्टिक एसिड होता है। यह हड्डियों को मज़बूत करती है, दांतों का स्वास्थ्य बेहतर करती है, और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाती है। लस्सी में प्राकृतिक शीतलन गुण होते हैं, जो शरीर के तापमान को कम करने में मदद करते हैं। हालांकि अब ज्यादातर युवा लस्सी के स्थान पर बाजार में बिकने वाली कोल्ड ड्रिंक को महत्व देने लगे हैं, जबकि कोल्ड ड्रिंक स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक पेय पदार्थ है।

# ग्रामीण जनजीवन पर शहरीकरण हावी



- हरियाणवीं रीति-रिवाजों व खानपान पर पड़ रहा आधुनिकता का असर
- यातायात, इंटरनेट, दूरसंचार और वैश्विकरण ने ग्रामीणों के विचारों और कामकाज को किया है प्रभावित



आधुनिकता

**राज कुमार नरवाल**

हरियाणा में शिक्षा का प्रचार-प्रसार बढ़ा है। सड़कों की हालत में काफी सुधार हुआ है। जगह-जगह नए-नए राष्ट्रीय राजमार्ग बन गए हैं। लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर जाने में अब बहुत ही कम समय लगने लगा है। इंटरनेट व मोबाइल फोन की वजह से हरियाणा के लोग विदेश में बैठे लोगों से भी संपर्क में हैं। पढ़-लिखकर गांवों में रहने वाले परिवारों के बच्चों के विचारों में भी फर्क आया है। वे अब मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करने लगे हैं। देश और विदेश में नौकरियां कर रहे हैं।

हरियाणा के गांवों में बसने वाले लोग अब केवल खेती पर ही निर्भर नहीं रहे हैं। सरकारी और प्राइवेट नौकरियों में काम कर रहे हैं। खुद के उद्योग लगा रहे हैं। अब वैश्विकरण का असर हरियाणा के गांवों पर भी पड़ा है। अब कोई भी देश दूर नहीं लगता। देश में हवाई अड्डों की संख्या बढ़ गई है। पहले जहां अपने देश में ही किसी दूसरी जगह पर जाने में कई कई दिन लग जाते थे लेकिन अब कुछ घंटों में ही एक राज्य से दूसरे राज्यों में पहुंच रहे हैं। इस सबका असर गांवों में बसने वाले लोगों पर भी पड़ा है। यहां का खान-पान व रहन-सहन और संस्कृति बदल गए हैं।

यहां पहले वाले रीति-रिवाज भी नहीं रहे। दरअसल, अब गांवों में भी शहरों जैसा ही रहन-सहन और खान-पान हो गया है। विश्वभर में हमारे नौजवान व्यापार व रोजगार के लिए पहुंच रहे हैं। वे विदेशी मेम को शादी करके गांव में ला रहे हैं। लड़कियों की कमी के चलते बहुत से युवाओं की शादी नहीं हो रही। इस कारण यहां के नौजवान बिहार व देश के अन्य राज्यों से बहुएं ला रहे हैं। बाहर से आने वाली इन बहुओं को हरियाणवीं संस्कृति का ज्ञान नहीं है। पढ़ाई के लिए शहरों में जाने वाले युवक-युवतियां अब देसी खान-पान छोड़कर चटपटा खान-पान अपना रहे हैं।

डिब्बाबंद वस्तुओं का प्रचलन बढ़ गया है। हर साल गांवों से कुछ परिवार खेती किसानी और पशुपालन का धंधा छोड़ रहे हैं। पहले गांवों में बसने वाले किसान दूध व घी बेचते नहीं थे। अब गांवों में भी लोगों को घी दूध और लस्सी के लाले पड़ गए हैं। ब्याह शादी व त्योहारों से जुड़े रीति-रिवाज खत्म होते जा रहे हैं। नई परंपराएं शुरू हो रही हैं। पुरानी परंपराएं छूट रही हैं। ब्याह शादी में जो सादा खाना होता था, अब तरह-तरह के पकवान बनने लगे हैं। देसी घी की बजाए अब वनस्पती घी और रिफाइंड का इस्तेमाल ब्याह में पकवान बनाने में होने लगा है।

### डीजे की धमक पर थिरक रहे युवा

शादी के समय शहनाई या परंपरागत बाजा बजाया जाता था। अब नई पीढ़ी डीजे की धमक पर थिरक रही है। गांव में बसने वाले लोग आरामपरस्त हो गए हैं। वे भी एसी गाड़ियों में चलते हैं और गांवों में भी अब वातानुकूलित उपकरण पहुंच गए हैं। शहरों की तरह ही अब लोग घरों में ही रहते हैं। गलियों में एक-दूसरे के पास बैठकर अब कम ही बातचीत करते हैं। गर्मियों में तो गांवों की गलियां पूरी तरह सुनसान रहने लगी हैं। किसी जमाने में गांवों की गलियां दिनभर गुलजार रहती थी। शहरों में पढ़ाई करने वाले नौजवान युवक-युवतियों का आचार-विचार शहरों जैसा ही हो गया है। बहुएं भी पढ़-लिखकर नौकरीपेशा हो गई हैं। इस कारण अब गांवों में महिलाएं खेतों में कम और बाहर नौकरी करने के लिए अधिक संख्या में जाती हैं।

### अब रात को नहीं रुकते रिश्तेदार

छुट्टियों में बच्चे अपनी माताओं के साथ ननिहाल में जाते थे। लेकिन अब बच्चों पर पढ़ाई का इतना बोझ हो गया है कि ट्यूशन आदि के चक्कर में वे ननिहाल नहीं जा पाते। लगभग प्रत्येक व्यक्ति के पास अपना वाहन हो गया है और साफ सुथरे रोड बने हैं। इस वजह से अब लोग अपनी रिश्तेदारी में रुकने की बजाए रात तक अपने घर पहुंचना ही उचित समझते हैं। पहले यातायात साधनों का अभाव था। शाम तक घर लौटना मुमकिन नहीं होता था। अब लोग रिश्तेदारी में नहीं रुकते।

### घर द्वार पर पहुंचने लगा सामान

जरूरत का सामान बेचने वाली कंपनियों ने अब गांवों तक भी अपनी पहुंच बना ली है। सबकुछ सामान की ऑनलाइन बिक्री हो रही है। कूरियर कंपनियों में कार्यरत युवा गांवों में भी सामान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीण कभी-कभार ही सामान लेने के लिए बाजार जाते थे। अब तकरीबन सामान घर के आगे ही बिक्री के लिए पहुंच रहा है। गाड़ियों में लोग आवाज लगाकर सामान बेच रहे हैं। सब्जियां तक वाहनों में घरद्वार पर बिकने लगी हैं।

### शीत-राबड़ी की जगह कोल्ड ड्रिंक

गांवों में दूध, शीत, राबड़ी, दलिया और लाप्सी जैसे खान-पान होते थे। लेकिन अब उनकी जगह कोल्ड ड्रिंक ने ले ली है। बोतलों में विभिन्न कंपनियों के ठंडे पेय पदार्थ अब यहां भी प्रयोग होने लगे हैं। कभी गांव के लोगों को चाय के स्वाद का पता तक नहीं होता था लेकिन अब गांवों के लोग जमकर चाय पीते हैं और कॉफी भी गांवों में पी जाने लगी है।

इसके अतिरिक्त, पहले गांवों में बच्चों के लिए तरह तरह के खेल-तमाशे होते थे। उदाहरण के तौर पर जादू के खेल, बंदर व भालू के खेल और चित्र दिखाने के लिए बारहमन की धोबण आदि अनेक तरह के खेल तमाशे होते थे। अब ये सब खत्म हो गए हैं। बड़ों के लिए सांग, रामलीला और रागनियों के कार्यक्रम होते थे। लेकिन अब वे पुराने कहानी और किस्से सुनने और सुनाने वाले ही नहीं रहे।

कविता

**कुमार**

## परिवार और समाज



परिवार सै पहली पाठशाला,
संस्कारां की में मिले उजाला।
मां-बाप सिखावें चाल सिधी,
सच्चाई अर मेहनत की रीत गहरी।

परिवार बिना जीवन अधूरा,
हर भी सुख भी लागे मजबूरा।
भाई-बहन का प्यार न्यों,
सावन में बरसात की ज्यों।

बूढ़े दादा-दादी का साया,
उनकी सीख में सब पाया।
वो अनुभव का सच्चा ज्ञान,
रखै परिवार की साख महान।

मिल-जुल रहणा परिवार सिखावे,
बड़ों की इज्जत, छोट्यां तै प्यार करावे।
हर रिश्ते में अपनापन होवे,
दिल में सच्चा सम्मान होवे।

समाज सै इंसान की पहचान,
इसी में बसै सारी शान।
मिलकै रहें, मिलकै बढ़ें,
सुख-दुख में संग रहें।

समाज बिना ना कोई अकेला,
हर कोई लागे एक दूजे का चेला।
बड़े-बुजुर्ग का काम समझावणा,
सच्चे न्याय के राह दिखावणा।

शिक्षा, सेवा अर सहयोग,
समाज में रहकै मिलै ये योग।
नेकी करै अर बात सिधी,
समाज बनावै जिंदगी ऊंची।

एकता, प्रेम अर भाईचारा,
समाज का सच्चा उजियारा।
ईमानदारी अर आदर की डोर,
इसी में बसै समाज का जोर।

जो हो परिवार समाज का संग,
तो 'कुमार' जिंदगी स मीठा रंग।
इनके बिना अधूरा जीवन,
इनमें ही सच्चा सुख-दर्शन।

रागनी

**सत्यवीर नाहड़िया**

## हरियाणे की बोली धाकड़...



भास्सा बरगी भोत पुराणी,जाणै दुनिया सारी।
हरियाणे की बोल्ली धाकड़,जग म्हं गुंज्जै न्यारी।।

कोय हरियाणवी कह दे अर कह कोये हरयाणी।
जितनी बोल्ली सैं दुनिया म्हं,उन म्हं आग्गै पाणी।
गीत-रागणी कथा-कहाणी,छप ल्यी इस म्हं भारी।
हरियाणे की बोल्ली धाकड़,जग म्हं गुंज्जै न्यारी।।

जुगां-जुगां तै इस बोल्ली [illegible] चोक्खी साख बणाई।
बोल्लीबुड लग इस बोल्ली [illegible]ने,अपणी धाक जमाई।
हिंदी माई की या माई,न्यूँ नान्नी सै म्हारी।
हरियाणे की बोल्ली धाकड़,जग म्हं गुंज्जै न्यारी।।

किते बाँगरू किते बागड़ी,रूप खादरी ध्यावै।
किते मिवाती किते कौरवी,किते बिरज रै छावै।
किते हीरबाट्टी रै पावै,लटक सभी की प्यारी।
हरियाणे की बोल्ली धाकड़, जग म्हं गुंज्जै न्यारी।।

साँग निराळे इस म्हं गुंज्जे,आज तलक न्यूँ कड़कै।
भास्सा बणकै रह या बोल्ली,आज नहीं तै तड़कै।
कह 'नाहड़िया' दिल म्हं धड़कै,माँ-बोल्ली लयकारी।
हरियाणे की बोल्ली धाकड़,जग म्हं गुंज्जै न्यारी।।

कविता

**डा. विकास यशकीर्ति**

## विश्व कै नक्शै पै छाया



देवभूमि सै या म्हारी,
सै हरि का आणा जाणा।
विश्व कै नक्शै पै छाया,
सै मेरा प्यारा हरियाणा।।

शान आपणी बोरला सै,
और बावन गज का दामण।
नाक तोड़े सासुआ का,
झूल कै हाम पूरा सामण।
वेद आयुर्वेद म्हारा ही रहा मंतर पुराणा।।
विश्व कै नक्शे पै...

बांध कै ऊंची सी पगड़ी
हाथ मैं ले कै नै लाठी।
जूतियां की चरचराहट,
लांबी तगड़ी कद ओ काठी।।
देख कै नै म्हारा टोरा,
कौन लांघेगा सीमाणा।।
विश्व कै नक्शे पै...

मोरनी हिल स्वर्ग जैसी,
बण गई पहचान आपणी।
बन गई कुरुक्षेत्र नगरी,
आन बानो शान आपणी।।
युग युगा सै ही रहा सै,
देवताओं का ठिकाणा।।
विश्व के नक्शे पै सै छाया...

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

इतिहास

**मराठों ने अपने विश्वासपात्र सैन्य अधिकारी आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस को झज्जर क्षेत्र जागीर के तौर पर वर्ष 1794 में दे दी थी**

# दो शताब्दी पूर्व भी बनाया गया था हरियाणा राज्य





रोचक

**यशपाल गुलिया**

यह पढ़कर पाठकों को बड़ा आश्चर्य होगा कि लगभग 230 वर्ष पहले भी एक बार हरियाणा नामक स्वतन्त्र राज्य स्थापित किया गया था, जब दिल्ली बादशाह शाहआलम मराठों के संरक्षण में था तो मराठों ने अपने विश्वास पात्रों को जागीर प्रदान की थी। उसी क्रम में उन्होंने अपने एक सैन्य अधिकारी को झज्जर क्षेत्र जागीर के तौर पर वर्ष 1794 में दे दी थी। वह अधिकारी मूल रूप से आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस था।

झज्जर मुगल काल से ही एक शासकीय परगना बना रखा था। उस आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस ने झज्जर ग्रहण करते ही कड़ाई से भूमिकर वसूलना आरम्भ कर दिया तथा एक दो-वर्षों में ही अपनी एक सेना गठित कर ली। वर्ष 1795-96 में उसने लगान न देने के कारण बेरी वासियों पर बल का प्रयोग किया। लेकिन बेरी वासियों ने अपनी गढ़ी में इकट्ठे होकर जॉर्ज की सेना के साथ एक दिन का रक्त रंजित युद्ध किया। उसके बाद जॉर्ज ने झज्जर से पांच मील की दूरी पर एक नया किला बनाकर सैन्य शक्ति बढ़ा ली। उस किले का नाम अपने नाम पर जॉर्जगढ़ रखा जहां आजकल जहाजगढ़ गांव बसा हुआ है। फिर जॉर्ज थॉमस एक शक्तिशाली देशी शासक के तुल्य बन गया और अपना क्षेत्र बढ़ाने पर आमादा हो गया। इस प्रकार वह मराठों से भी स्वतन्त्र होने लगा और सैन्य शक्ति के बूते से महम, हांसी, हिसार से भी आगे तक क्षेत्र पर अधिकार कर बैठा। लेकिन झज्जर व बेरी क्षेत्र के निवासियों के उत्पाति तेवर देकर उसने अपना मुख्यालय भी हांसी के प्राचीन किले में स्थापित कर लिया। इस प्रकार जॉर्ज थॉमस ने वर्ष 1797 के आस-पास अपना पूर्णतया स्वतन्त्र राज्य घोषित कर दिया। आयरलैंड की तर्ज पर नये राज्य का नाम ग्रीनलैंड अर्थात हरियाणा रख दिया। इसका क्षेत्र दिल्ली सूबे की सीमा से आरम्भ होकर फतेहाबाद तक 800 गांवों का था। हरियाणा राज्य स्थापित करके जॉर्ज थॉमस ने हांसी को नये राज्य की राजधानी बना लिया। जॉर्ज की जीवनी तथा अन्य अंग्रेजों द्वारा लिखी गई पुस्तकों में तत्कालीन हरियाणा का मानचित्र स्पष्ट दिया गया है। इसमें राजधानी हांसी भी लिखा गया है। हांसी मुख्यालय बनाने के बाद जॉर्ज आस-पास के सिख राज्यों जैसे जीन्द, कैथल व पटियाला तक धावे बोलने लग गया। सिख शासकों के साथ जॉर्ज ने कई बार युद्ध भी किए थे तथा अपने नाम से मुद्रा-सिक्के भी चलाए थे। वर्ष 1799 के आस-पास जॉर्ज ने एक बड़ी सेना इकट्ठी कर ली थी जिसके झज्जर के किले जॉर्जगढ़ व हांसी के किलों में पड़ाव लगाए थे।



230 साल पहले हरियाणा के राजा जॉर्ज थॉमस तथा उन द्वारा स्थापित हरियाणा का नक्शा। इसमें राजधानी हांसी दिखाई गई है।

स्वयं जॉर्ज ने अपने लिए एक कोठी हिसार में बनवाई थी जो आज तक यथावत है। उस कोठी को जहाज कोठी के नाम से जाना जाता है लेकिन जॉर्ज के इतना शक्तिशाली हो जाने तथा स्वतन्त्र शासक बन जाने पर मराठों को दिल्ली के लिए भी खतरा प्रतीत होने लगा। तब उनके फ्रान्सीसी सेनापति जरनल पैरो ने जॉर्ज पर आक्रमण कर दिया। अक्तूबर 1801 में वर्तमान जहाजगढ़ वाले स्थान पर भीषण युद्ध आरम्भ हो गया।

जॉर्ज थॉमस व उसके तीन यूरोपियन सेनापतियों ने मराठा सेना से महीनेभर तक युद्ध किया। बेरी, मोहम्मदपुर माजरा, पलडा व भारावास की थली क्षेत्र में युद्ध होता रहा। अन्त में जॉर्ज 10 नवम्बर 1801 की रात को हांसी पलायन कर गया। वहां भी मराठा सेना पीछा करती हुई 21 नवम्बर को पहुंच गई। फिर लगभग 15 दिनों तक जॉर्ज ने हांसी में भी युद्ध किया।

अन्ततः दिसम्बर 1801 में हरियाणा के राजा कहलाने वाले जॉर्ज थॉमस ने मराठा सेना के सामने सशर्त समर्पण कर दिया। फिर अपने देश आयरलैंड को जाते हुए मार्ग में ही अगस्त 1802 में ही जॉर्ज का निधन हो गया। आश्चर्यजनक रूप से हरियाणा संस्थापक व उपरोक्त भीषण युद्धों को विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में शामिल नहीं किया गया। जॉर्ज की भारतीय पत्नी ने उसके साथ आयरलैंड जाने से इनकार कर दिया था। इसलिए अपने बीवी-बच्चों को कुछ धनराशी देकर जॉर्ज बेगम समरु के पास सरधना में छोड़ गया था। वह आयरलैंड के टिपरेरी प्रान्त का मूल निवासी था, जो 1781 में मद्रास पहुंच गया था।

# हास्य कला में छिपे हैं समाजोत्थान के संदेश : रेणू दूहन

कलाकार

**ओ.पी. पाल**

हरियाणा की लोक कला एवं संस्कृति को जीवंत रखने की दिशा में लेखक, लोक कलाकार, गीतकार अलग-अलग विधाओं में अपनी कलाओं की अलख अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जगाने में जुटे हुए हैं। ऐसे ही कलाकारों में युवा महिला कलाकार रेणू दूहन सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों और संस्कृति के साथ सामयिक घटनाओं पर आधारित लेखन तथा लोक कला के प्रदर्शन से खासकर युवा पीढ़ी को नई दिशा देने का प्रयास करती आ रही हैं। कविता के साथ अभिनय, हास्य-व्यंग्य तथा मिमिक्री से पहचान बनाने वाली कलाकार रेणू दूहन ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कुछ ऐसे पहलुओं का जिक्र किया है, जिसमें उन्होंने समाज कल्याण और संस्कृति के संवर्धन में कलाकारों की अहम भूमिका निभाने का संदेश दिया है। रेणू दूहन का जन्म 17 अक्टूबर 1995 को हिसार जिले के गांव पेटवाड़ में रमेश दूहन और वीना दूहन के घर में हुआ। जब वह पांच साल की थी, तो उनका परिवार जींद आकर रहने लगा। उनके घर में किसी प्रकार का साहित्य या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। उनके पिता और भाई व्यापार करते हैं। तीन भाई-बहनो में उसका भी एक लड़के की तरह पालन पोषण किया गया। किसी बात में या कुछ भी करने से पहले उसे कभी यह महसूस नहीं होने दिया कि वह एक लड़की है। इन्हें बचपन से ही लोक अभिनय में अभिरुचि रही, लेकिन उनके परिवार वालों को उनका कला के क्षेत्र में भागीदारी करना अच्छा नहीं लगा। बकौल रेणू दूहन बचपन से ही उन्हें मंच का बहुत शौक था। स्कूल में हर शनिवार को होने वाली बाल सभा में उन्हें एंकर बनाया जाता था। उन्होंने कई बार कविता, निबंध लेखन, नाटक, नृत्य आदि में भागीदारी की। जब वह कालेज में पढ़ रही थी तो उनकी कला को देखकर कई शिक्षिकाओं ने उन्हें इस दिशा में प्रोत्साहित करके मदद की। रत्नावली फेस्टिवल में अपने कॉलेज से वही जाती थी। उसने अपने चाचा की मदद से कविता लिखी, जो राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान पर रही। इससे उनका लोक साहित्य के प्रति आत्मविश्वास बढ़ा। इसी से प्रेरित होकर साल 2015 से उसने लिखना शुरू किया। रेणू दूहन हास्य व्यंग्य और कविताएं भी लिखती हैं तो उनके इस हास्य में भी समाज के लिए कुछ न कुछ ऐसे संदेश छिपे होते हैं जो नशे की तरफ जाते आज के युवाओं को जागरूक करके उन्हें सही राह दिखाने का काम करते हैं। उनके लेखन, अभिनय या फिर हास्य व्यंग्य का फोकस समाज को सकारात्मक ऊर्जा देने की दिशा में ही रहा है, ताकि खासकर युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति की मूल जड़ों से जुड़ी रहे। थिएटर कार्यशाला के अलावा रेणू यूथ फेस्टिवल में भी हिस्सेदारी करती रही हैं और कॉलेज कार्यशाला में नई प्रतिभाओं को भी लोक कला व संस्कृति के प्रति उन्हें प्रशिक्षण देने का काम किया है। इस आधुनिक युग में लोक कला और संस्कृति के सामने आ रही चुनौतियों को लेकर उनका कहना है कि यदि हम समाज के लिए अच्छा नहीं कर रहे या लिख रहे हैं तो हमारी लेखनी का कोई फायदा नहीं।





### ये मिले पुरस्कार

रेणू दूहन को स्कूल व कालेज की शिक्षा के दौरान ही कविता व चुटकुले आदि लिखने और नुक्कड नाटक करने, रंगमंच के लिए राज्य स्तर पर दो बार चुटकुलों के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अभिनय के क्षेत्र में रत्नावली फेस्टिवल में राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से नवाजा गया। निबंध प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार और कविता लेखन में द्वितीय व तृतीय पुरस्कार भी हासिल किए हैं।

### ऐसे मिली करियर को मंजिल

हास्य कलाकार रेणू दूहन ने बताया कि अभिनय के क्षेत्र में वह पहले से ही अभिरुचि रखती थी। उनका पहला यूट्यूब वीडियो बहन-भाई का प्यार रक्षाबंधन को लेकर था, जिसमें उसने बहन का किरदार निभाया। ऐसे वीडियो में वह लगातार बहन की ही भूमिका में अभिनय कर रही हैं। वह कुरुक्षेत्र के रत्नावली, नुक्कड़ नाटक आदि में हिस्सा लेती रही। उन्होंने हरियाणवी फिल्म 'बहू काले की' में बहन का किरदार निभाया है। वहीं, वेबसीरिज डिजिटल ताई के अलावा स्टेज एप पर करीब एक दर्शन स्टैंडअप कॉमेडी शो किए हैं। पांच सालों से वे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र में भी अपनी कला के रंग बिखेर रही हैं। स्टेज एप ओटीटी के लिए उनके पहले स्टैंडअप कॉमेडी शो के रिलीज होने के 3-4 दिन में ही उसे लाखों लोगों ने देखा। इससे लोकप्रियता मिली। हास्य कलाकार रेणू दूहन ने साल 2019 में आस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में भी अपनी कला का प्रदर्शन करके हरियाणवी संस्कृति की अलख जगाई है। रेणू का कहना है कि हमारा कंटेंट ऐसा होना चाहिए जो पूरा परिवार एक साथ मिलकर देख सके। कई बार आज का युवा लोकप्रिय होने के लिए कुछ भी करने को तैयार है तो कि बहुत गलत है।

**खबर संक्षेप**

### दो किलो 71 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस ने दो किलो 71 ग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान दीपक उर्फ सायमंड निवासी वार्ड नंबर 13 नारनौंद के रूप में हुई है। नारनौंद पुलिस को गुप्त सुचना मिली थी एक व्यक्ति बाल्मीकि बस्ती वार्ड नंबर 10 नारनौंद में नशीला पदार्थ लिए हुए है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर छापा मारा। घटना के दौरान एक युवक पुलिस को दूर से देखकर थैला को छोड़कर भाग गया था। थैली की तलाशी ली तो थैली के अंदर से नशीला पदार्थ दो किलो 71 ग्राम गांजा व आरोपित युवक का मोबाइल फोन बरामद हुआ। इसी मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### अवैध शराब की 11 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** बास पुलिस ने 11 बोतल अवैध देशी शराब की 11 बोतल के साथ बास खुर्द निवासी जय भगवान को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना बास पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान शक के आधार पर एक व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके पास 11 बोतल अवैध देशी शराब बरामद हुई। आरोपी को अवैध सहित गिरफ्तार कर उसके खिलाफ शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया।

### दुकान से नकदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** बालसमंद चौकी पुलिस ने परचून की दुकान से नकदी चोरी के मामले में गांव के ही राजेश को गिरफ्तार किया है। एएसआई जसवंत सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी राजेश ने गांव बालसमंद स्थित परचून की दुकान से 6 हजार रुपए के लगभग नकदी चोरी की थी। इसके बारे में बालसमंद पुलिस चौकी में परचून दुकान संचालक गांव बालसमंद निवासी राहुल ने शिकायत दी थी। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सीसवाल में 3 दिवसीय कार्यक्रम आज से

**आदमपुर।** गांव सीसवाल के प्राचीन शिवालय धाम में महाशिवरात्रि पर तीन दिवसीय कार्यक्रम होगा। मंदिर कमेटी प्रधान घीसाराम जैन व मेला संयोजक राकेश शर्मा ने बताया कि बुधवार 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के चलते सोमवार व मंगलवार को इंदौर से आए श्रद्धालुओं द्वारा बाबा का अर्धनारीश्वर रूप में श्रृंगार किया जायेगा। वहीं बुधवार को जलाभिषेक व विशाल मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायण गोयल मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे जबकि अध्यक्षता रामबिलास गोयल की होगी। वहीं रामदेव तायल, सुरेंद्र जैन, सुयश पाल, घनश्याम राठी व घनश्याम गर्ग विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### हत्या प्रयास मामले में इनामी बदमाश गिरफ्तार

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में पांच साल से फरार चल रहे पांच हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मुल्तान कालोनी निवासी दीपक के रूप में हुई है।

## हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# 2022 में आई बाढ़ का मुआवजा जल्द उपलब्ध करवाएं अधिकारी : बलियाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन प्रो. रविन्द्र बलियाला ने रविवार को फतेहाबाद के भुना रोड स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि वे पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य करें और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ गरीबों और वंचितों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। चेयरमैन प्रो. बलियाला ने कहा कि सरकार ने समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं, जिनका लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसी भी गरीब या वंचित के साथ अन्याय न हो। आयोग के समक्ष अनेक पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगाते हैं, इसलिए संबंधित विभागों को पहले से ही सजग रहकर उनके हितों की रक्षा करनी चाहिए।

रविंद्र बलियाला ने अधिकारियों से कहा की 2022 में आई बाढ का मुआवजा पीड़ितों को उपलब्ध करवाये। गांव नागपुर में अनुसूचित जाति के व्यक्ति के मृत्यु होने के उपरांत उसके परिवार को सहायता राशि देने के लिए कहा। अशोक नगर और आदर्श कॉलोनी में सीवरेज, बिजली पानी की सुविधाए सुचारू करने के निर्देश दिए।



**फतेहाबाद।** लोगों की समस्याएं सुनते चेयरमैन रविन्द्र बलियाला।

### वक्फ बोर्ड की जमीन पर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश

आयोग के चेयरमैन ने गांव बरसीन का दौरा भी किया और नागरिकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों से गांव बरसीन में वक्फ बोर्ड की जमीन में सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। गांव में अनुसूचित जाति के लिए बनाई गई चौपाल की चारदीवारी करने बारे कहा। विश्वकर्मा योजना के तहत योग्य लाभार्थियों को सिलाई मशीन देने के निर्देश भी दिए। चेयरमैन ने लोगों को भरोसा दिलाया कि आयोग उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार के भेदभाव या अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चेयरमैन प्रो. बलियाला ने यह भी कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आयोग कृत संकल्प है। यदि किसी व्यक्ति के साथ कोई अन्याय या ज्यादती हो रही है, तो वह आयोग के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। आयोग उसकी शिकायत पर उचित कार्रवाई करेगा और उसे न्याय दिलाने के लिए प्रयासरत रहेगा। इस अवसर पर जिला परिषद की अध्यक्ष सुमन खीचड़, एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार आशीष कुमार, भाजपा नेता जगदीप मोंगा, डीडब्ल्यूओ राकेश कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी ममता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## चिकित्सा शिविर में मरीजों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

परशुराम चौक के समीप स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में श्री अग्रवाल परिवार सेवा ट्रस्ट, सिरसा द्वारा दूसरा मेगा चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील कंदोई ने बताया कि शिविर में मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. उमंग गुप्ता, एमडी फिजिशियन डॉ. बजरंग गुप्ता, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. गुंजन अग्रवाल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमलता बंसल व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरू गिजवानी ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में सैकड़ों मरीजों की चिकित्सकों की टीम द्वारा जांच की गई और उन्हें दवाएं भी दी गई। कंदोई ने कहा कि वर्तमान समय में बदलते खानपान के चलते हर व्यक्ति किसी न किसी रोग से ग्रस्त है। कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते अपने स्वास्थ्य की जांच नहीं करवा पाते। ऐसे लोगों के लिए इस प्रकार के शिविर किसी वरदान से कम नहीं हैं।

ट्रस्ट सदस्यों ने शिविर में सहयोग देने के लिए चिकित्सकों की टीम का आभार व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने में श्री सनातन धर्म सभा मंदिर व संस्कृत महाविद्यालय के अध्यक्ष व सदस्यों ने पूर्ण सहयोग दिया। इस मौके पर अनिल गोयल, सीताराम जमालिया, महेंद्र गर्ग, सुनील कुमार, दीपक गोयल, संदीप गोयल, विकास अग्रवाल, संजय गोयल, युधिष्ठिर गुप्ता, विजय कसेरा, नरेश महिपाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## दुकान में घुसी कार, लाखों का नुकसान

**बरवाला।** बीती रात्रि बिजली बोर्ड के समीप टैक्सी स्टेंड पर स्थित एक मोबाइल की दुकान में तेज रफ्तार से अज्ञात गाड़ी घुस गई जिससे मोबाइल दुकानदार को लाखों का नुकसान हो गया। पुलिस ने मौके का जायजालेकर गाड़ी को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की। शिव मोबाइल के संचालक दिनेश कुमार ने बताया कि वो शनिवार शाम साढ़े 7 बजे अपनी दुकान को सही सलामत बंद कर घर गया। रात साढ़े 11 बजे फोन पर सूचना के बाद दुकान पर आया तो दुकान के अंदर एक गाड़ी घुसी हुई है। गाड़ी दुकान का शटर व शीशे का गेट तोड़कर दुकान के अंदर घुसी हुई थी। गाड़ी के दुकान के अंदर घुसने से मोबाइल, शटर, शीशे व काउंटर की टूट फूट होने से लगभग चार लाख का नुकसान हो गया है। गाड़ी में दो युवक और एक महिला सवार थी और दोनों युवक शराब के नशे में चूर थे। दुकानदार ने नुकसान की भरपाई करवाए जाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## पिस्तौल दिखाकर मोबाइल व नगदी छीनने के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद।

रतिया पुलिस ने पिस्तौल दिखाकर राइस मिल में मजदूरी करने वाले अप्रवासी युवक से मोबाइल व नकदी छीनने के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचान लवप्रीत पुत्र पाल सिंह व सुनील कुमार उर्फ काका पुत्र गुरमुख सिंह निवासी चुलड़ कलां जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से मोबाइल फोन भी बरामद किया है। इस घटना में आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए थे, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब रही।

थाना सदर रतिया प्रभारी एसआई राजबीर सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 21 फरवरी को बिहार के सहसरा जिले के गांव सरोजा निवासी मुकेश ठाकर की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह पिछले 5 महीनों से रतिया की ढाबी बबनपुर में करतार राइस मिल में लेबर का काम करता है। जब वह मिल से ढाणी बबनपुर राशन लेने जा रहा था तो रास्ते में एक बिना नंबर की बाइक पर रुमाल से अपना मुंह बांधे तीन युवक उसके पास आए। बाईक सवार एक युवक ने उस पर पिस्तौल तान दी और उससे उसका मोबाइल और उसकी जेब से 500 रुपये की नकदी लूटकर गांव लाम्बा की तरफ फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने मुकेश की शिकायत पर केस दर्ज किया था और जांच अधिकारी एसआई सुरेन्द्र पाल ने आरोपियों बारे अहम सुराग जुटाते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

### पेट्रोल पंप के पास से चोरी ट्रक यूपी के कौशांबी से किया बरामद

**हिसार।** आजाद नगर पुलिस ने पिछले वर्ष 29 मार्च को आर्य नगर स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास से चोरी हुए ट्रक को उत्तर प्रदेश के कौशांबी से बरामद किया है। पुलिस अब ट्रक चोरों की तलाश कर रही हैं। एचसी रमेश कुमार ने बताया कि 30 मार्च 2024 को आजाद नगर थाना में आर्य नगर स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास से ट्रक चोरी होने के बारे में शिकायत मिली। इसमें शिकायतकर्ता गांव मोहब्बतपुर निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि 29 मार्च को उसने अपना ट्रक भारत पेट्रोल पंप के पास खड़ा किया था जो अगले दिन सुबह वहां नहीं मिला।

## धूमधाम से मनाया गुरु गद्दीदिवस 17 को सौंपी मकानों की चाबियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

डेरा सच्चा सौदा की दूसरी पातशाही शाह सतनाम जी महाराज के 65वें गुरुगद्दीनशीनी दिवस रविवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर डेरा प्रमुख डा. गुरमीत राम रहीम सिंह ने उत्तर प्रदेश के बरनावा स्थित एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र शाह सतनाम जी डेरा से ऑनलाइन गुरुकुल के माध्यम से रूहानी सत्संग फरमाया। उन्होंने मानवता भलाई कार्यों को गति देते हुए आशियाना मुहिम के तहत साध-संगत द्वारा जरूरतमंद परिवारों को बनाकर दिए गए 17 मकानों की चाबियां पात्र परिवारों को सौंपी। वहीं शाह सतनाम जी रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडएशन की तरफ से 130 अति जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा का प्रबन्ध करते हुए उनकी आर्थिक सहायता की गई। इनमें 65 लडक़े व 65 ही लड़कियां शामिल थी।



**सिरसा।** जरूरतमंदों को मकानों की चाबियां सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

## स्वयंसेवकों ने गंगवा गांव में किया सर्वेक्षण



**हिसार।** गंगवा गांव में एनएनएस शिविर के दौरान स्वयंसेवक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की एनएसएस इकाई के गांव गंगवा में चल रहे साप्ताहिक विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव में सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण का उद्देश्य ग्रामीणों की सामाजिक, शैक्षणिक तथा अन्य समस्याओं को समझना रहा। दोपहर के सत्र में स्वयंसेवकों ने गांव में नशा उन्मूलन के लिए एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली को गांव के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य ने हरी झंडी देकर स्कूल परिसर से रवाना किया। सायंकालीन सत्र मे एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें करियर काउंसलर आर.सी.पूनिया ने स्वयंसेवकों को रोजगार विकल्पों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवकों से जीवन में लक्ष्य निर्धारण करने का आह्वान किया।

### आदमपुर में 24वां श्रीश्याम अखाड़ा महोत्सव आज



**आदमपुर।** श्रीश्याम मित्र मंडल एवं सेवा समिति की ओर से 24 फरवरी को 24वां श्री श्याम अखाड़ा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। समिति अध्यक्ष सुरेंद्र गर्ग ने बताया कि खाटू श्याम निज मंदिर के पुजारी श्याम सिंह चौहान के सान्निध्य में क्लाथ मार्केट मैदान में होने वाले कार्यक्रम में कलकत्ता से नितेश शर्मा गोलू, जयपुर से आयुष सोमानी, खाटू श्याम से ईमरान अली सहित अनेक अन्य भजन गायक कलाकार बाबा की महिमा का गुणगाण करेंगे। उन्होंने बताया कि शाम सवा छह बजे पूजा आरंभ होने के बाद सवा सात बजे ज्योति प्रज्जवलित की जाएगी एवं सवा आठ बजे से श्याम तिलक के साथ जागरण का शुभारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान बाबा का भव्य दरबार, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, छप्पन भोग व खिचड़े का प्रसाद मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## कैमरी रोड महिला मोक्ष आश्रम के साथ से गुजर रही बिजली की नंगी तारों से खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कैमरी रोड स्थित मोक्ष महिला आश्रम के साथ लगते बिजली के ट्रांसफार्मर से बिजली की काफी नंगी तारें लटकी हुई है जो आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों व अशक्तों के साथ कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकता है।

हिसार बार एसोसिएशन के पूर्व उप प्रधान एडवोकेट अनिल श्योराण ने बताया कि रविवार को वह अपने साथियों के साथ मोक्ष महिला आश्रम के समीप पहुंचे तो बिजली की नंगी तारों को देखकर अधिकारियों की लापरवाह कार्यप्रणाली सामने आई। उन्होंने जिला प्रशासन से अपील की है कि आश्रम के समीप के ट्रांसफार्मर के साथ जमीन को छूती हुई नंगी तारें लटकी हुई है। इसको तुरंत दुरुत करवाया जाए अन्यथा कोर्ठ बड़ा हादसा हो सकता है।



## रैली निकालकर दिया पानी बचाने का संदेश



**उकलाना।** जल संरक्षण रैली निकालते निरंकारी मिशन के स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना मंडी

निरंकारी मिशन की ओर से निरंकारी माता समीक्षा के आदेश अनुसार उकलाना में आम जन को जागरूक करने के लिए जल संरक्षण रैली निकाली गई। इसमें निरंकारी मिशन से जुड़े सदस्यों ने आमजन को जागरूक करने का काम किया।

उकलाना मुखी संदीप सिंह ने कहा कि निरंकारी मिशन की माता समीक्षा ने पूरे देश में जल संरक्षण तथा स्वच्छता को लेकर आमजन को जागरूक करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि हमें भी इनकी पालना करनी है इस पालन के तहत आमजन में भी यह प्रचार कर रहे हैं कि जल की जितनी आवश्यकता हो उतना ही उपयोग करें आने वाले समय में जल का संकट होगा उससे बचाव के लिए हमें संरक्षण भी करना है। प्रमिला ने कहा कि जल का स्वच्छ होना भी जरूरी है अगर दूषित जल है तो वह हमें बीमारियों को निमंत्रण देता है इसलिए हमें संरक्षण के साथ में जल को स्वच्छ भी रखना है ताकि हमें बीमारियों से मुक्ति मिले। इस मौके पर शिक्षक पवन सेहरा सहित साध संगत मौजूद थी।

**खेल-प्रतियोगिता** संगम स्कूल भरोखां में विद्यालय स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

## खेल सिखलाते हैं अनुशासन, संघर्ष और जीत की भावना: अजय जाखड़

> खेल प्रतियोगिताएं छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक अवसर करती प्रदान : छगन सेठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

संगम स्कूल भरोखां में विद्यालय स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के पूर्व छात्र, गोल्ड मेडलिस्ट अजय जाखड़ मुख्य अतिथि थे। अजय जाखड़ ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन, संघर्ष और जीत की भावना सिखाता है। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जा सकते हैं। मुख्याध्यापक छगन सेठी ने सभी खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं छात्रों को अपने कौशल को विकसित करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक अच्छा अवसर प्रदान करती है। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने और कभी हार नहीं मानने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के पूर्व छात्र एवं हरियाणा के संचालक रमेश जाखड़ ने सभी खिलाड़ियों से खेल को खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया।




**सिरसा।** प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

### ये रहा परिणाम

खेल शिक्षिका संजू ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 24 टीमों ने भाग लिया जिसमें विभिन्न आयु वर्गों में सिंगल्स मुकाबलों में कुमारी अनिता प्रथम तथा जिया माक्कड़ द्वितीय और डबल्स मुकाबलों में समर और मितेश प्रथम तथा जस और रोहित द्वितीय रहे। इसी प्रकार निम्न आयु वर्ग में अक्षित और जितेश प्रथम तथा खुशदीप और कार्तिक द्वितीय रहे, समर और विमन्यु प्रथम, वंश और यश द्वितीय रहे। उच्च आयु वर्ग में हर्षित और वासु प्रथम तथा गौरव और सौरव द्वितीय रहे, वारिस और पारस प्रथम तथा युवराज और जतिन द्वितीय रहे तथा कोमित और आयुष प्रथम तथा जयदेव और अनंत द्वितीय रहे। प्रतियोगिता के विजेताओं को अजय जाखड़ और छगन सेठी द्वारा मेडल दिए गए। इस अवसर पर सज्जन सेठी, कृष्ण ढ़ाका, सतपाल आचार्य, इंद्रजीत जोसन, विनोद पंधू, रोहतास भांभू, तुलसी कंबोज एवं स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## खबर संक्षेप

### महिला के क्रेडिट कार्ड से हजारों की ठगी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने गांव बड़ोपल की एक महिला के क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी से हजारों रुपये की राशि हड़प ली। इस बारे जब महिला को अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बड़ोपल निवासी माया देवी ने कहा है कि उसके पास एक्सिस बैंक का क्रेडिट कार्ड है। गत दिवस उसके बैंक अकाऊंट से 41 हजार 86 रुपये निकाले गए हैं।

### मकान के ताले तोड़ गहने नकदी ले उड़े चोर

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव बड़ोपल में एक मकान के ताले तोडक़र वहां से सोने-चांदी के गहने व हजारों की नकदी चोरी कर ली। घटना के समय परिवार के लोग शादी में गए हुए थे। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल की। पुलिस को दी शिकायत में गांव बड़ोपल निवासी विकास शर्मा ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मकान का ताला लगाकर अपने परिवार के साथ अपनी रिश्तेदारी में शादी समारोह में भाग लेने हिसार चला गया था। अब उसके पड़ोसियों ने उसे सूचना दी कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**फतेहाबाद।** गांव बड़ोपल के पास अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। हादसे में बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कालीरावण निवासी अमनदीप ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव बड़ोपल से अपने गांव कालीरावण जिला हिसार जा रहा था जब अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर दे मारी।

### टॉवर लगाने के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों की धरपकड़ करते हुए साइबर क्राइम थाना फतेहाबाद पुलिस ने खेत में टॉवर लगाने के नाम पर एक युवक से लाखों रुपये ठगने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान स्पर्श पुत्र प्रेम कुमार निवासी सिरसा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए है। आरोपी को जांच अधिकारी एएसआई रामकिशन ने माननीय अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

### कथा सुनने गई महिला के गले से चेन चोरी

**सिरसा।** रानियां रोड स्थित श्री तारा बाबा कुटिया में कथा सुनने गई महिला के गले से शातिर चोर सोने की चेन व लॉकेट चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में हुडा सेक्टर-3 निवासी अनीता कुमारी ने बताया कि वह तारा बाबा कुटिया में बीती 17 फरवरी को कथा सुनने के लिए गई थी। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर कोई उसके गले से सोने की चेन चोरी कर ले गया, जिसमें लॉकेट भी था। जब वह कथा सुनकर जाने लगी तो उसने गले में अपनी चेन संभाली, जोकि गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर काफी लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### ढाणी में बने कमरे से सामान चोरी

**सिरसा।** गांव मीरपुर रकबा के खेतों में बनी ढाणी से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में हुडा सेक्टर-20 निवासी गौरव मदान ने बताया कि बीती 21 फरवरी की शाम को वह अपने खेतों से वापस घर आ गया। देर रात को चोरों ने खेतों में बनी ढाणी के कमरे का दरवाजा तोड़कर 1 सिलेंडर, टॉर्च, म्यूजिक सिस्टम, कंपनी विरको के स्पीकर व होंडई कंपनी के स्टीरियो एक कुल किट, तार का बंडल, ग्राइंडर, एक पानी की मोटर चोरी करके ले गए।

**सर्वधर्म समभाव की मिसाल:** 16 आनंद कारज, 1 क्रिश्चियन व 4 हिंदू विवाह सम्पन्न

# पुष्प वर्षा के बीच डबवाली में हुई 21 नव दंपतियों की जयमाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डबवाली

लायंस क्लब अक्स द्वारा रविवार को चौटाला रोड स्थित ओम होटल में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 21 कन्याओं का विवाह करवाया गया। कार्यक्रम को लेकर विवाह पंडाल को भव्य तरीके से सजाया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। समारोह में तीन प्रदेशों हरियाणा, पंजाब व राजस्थान से बरातें लेकर आए बारातियों का सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया।

समारोह की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस पुनीत कार्य में सेवारत 151 वालंटियर एवं 31 क्लब सदस्य अपने-अपने कार्य में इस तरह समर्पण भाव जुटे थे जैसे उसके घर में ही बहन-बेटी की शादी हो रही है।

दुल्हनों को जयमाला के लिए मंच पर लाना हो अथवा बेटियों की विदाई का भावुक क्षण, ऐसे लगा मानों जैसे वालंटियर भाई बनकर अपने बहनों के सपनों को साकार करने का प्रयास कर रहे हों। सर्वधर्म समभाव की मिसाल बने 5वें अक्स आशीर्वाद सामूहिक कन्यादान समारोह में प. मुरारी लाल शास्त्री की देखरेख में हिंदु रीति रिवाज से 4 विवाह संपन्न करवाए गए।

16 विवाह आनंद कारज के साथ गांव शेरगढ़ के श्री गुरुद्वारा साहिब में पाठी तरसेम सिंह ने एवं पास्टर विक्की शेरगिल ने 1 विवाह क्रिश्चियन विधि विधान से संपन्न करवाया। इस दौरान सभी वर वधुओं के धर्म अनुसार उनके रीति रिवाजों व परंपराओं का पूरा ख्याल रखा गया। जब बड़े मंच पर सभी 21 जोड़ों की जयमाला हुई तो फूलों की वर्षा के बीच सबको ऐसा आभास हुआ कि जैसे हजारों इलाका वासियों के अलावा आसमान में देवी देवता भी फूल बरसा कर नवविवाहित दंपतियों को आशीर्वाद दे रहे हैं।



सिरसा। नए जीवन की शुरुआत करने वाले जोड़े। फोटो : हरिभूमि

### सामाजिक बुराइयों के खिलाफ चला हस्ताक्षर अभियान

प्रकल्प प्रबंधक अरविंदर टोनू मोंगा व क्लब प्रधान ऋषि मित्तल ने बताया कि समारोह में नशाखोरी, कन्या भ्रूण हत्या और बिगडते पर्यावरण के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान के तहत नवविवाहित जोड़ों और मेहमानों ने बोर्ड पर हस्ताक्षर करके सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अभियान का समर्थन किया व सहयोग का वादा भी किया।

### संस्कृति, सभ्यता और विरासत मेला थीम पर आधारित था पूरा आयोजन

विवाह समारोह में घरातियों, बारातियों तथा अतिथियों की आवभगत के लिए संस्कृति, सभ्यता और विरासत मेला थीम पर आधारित शानदार प्रबंध थे। क्लब प्रवक्ता मनीष गुप्ता ने बताया कि सबका अभिनंदन पलवल से आए 9 सदस्यीय बृज लोक संगीत तथा सभ्याचारक दल द्वारा नगाड़ों के साथ किया गया। 7 स्टार म्यूजिकल ग्रुप के तरुण राठौर, विजय रामावत, भोला नागराज ने अपनी टीम के साथ कराओके सिंगिंग से माहौल में कला के रंग भरे। वहीं, प्रदीप रहेजा, नताशा सेठी, नरेश शर्मा, निमित गर्ग, तनुष बंसल व आरूही ने भी खुशियों के इस माहौल में संगीतमय योगदान दिया। अंग्रेज सिंह विरदी ने भी गुरदास मान के पंजाबी गीत पर अपनी कला के जौहर दिखाए। गुरुनानक कॉलेज किलियांवाली में कल्चरल कोऑर्डिनेटर डा. खुशनसीब कौर के मार्गदर्शन में डगा भंगड़ा अकेडमी ग्रुप के विशाल कुमार, राजिंद्रपाल सिंह, सुपनप्रीत सिंह, जसकरण, अर्शदीप, जसप्रीत, सुखचैन व संदीप सिंह ने पंजाबी लोकनाच झूमर से माहौल को पंजाबी रंग देते हुए उल्लास से भर दिया। इन पंजाबी कलाकारों ने पंडाल में मौजूद लोगों को भी अपने साथ नाचने के लिए मजबूर कर दिया। लखनऊ के हरिओम पपेट ग्रुप ने कठपुतली नाटक दिखाया व ग्रुप के मनमोहन एवं टीम ने विज्ञान के चमत्कार पेश किए।

### प्रमुख शख्सियतों ने नवयुगलों को दिया आशीर्वाद

समारोह में सिरसा से पद्मश्री अवार्डी गुरविंदर सिंह अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे। नव युगलों को आशीर्वाद देते हुए उन्होंने कहा कि 21 कन्याओं के विवाह का यह आयोजन बेमिसाल है। मानव सेवा के इस कार्य के लिए लायंस क्लब अक्स की जितनी भी सराहना की जाए कम है। समारोह में हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा, एचएसएससी के सदस्य सुभाष रोलनबलदेव सिंहा, कुलदीप गदराना, संजय हिटलर, रानियां से लायन पुनीत बांसल, लायन रवि मोंगा सहित अनेक लोगों ने पहुंचकर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया।


रतिया। शिवभक्तों के दल को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए प्रधान।

## श्री नीलकंठ महादेव कावड़ संघ का 18 सदस्यीय दल रवाना

**संघ के प्रधान रमन बलाना ने दिखाई झंडी**

- यह डाक कावड़ 26 फरवरी को हरिद्वार से महशिवरात्रि के दिन रतिया पहुंचेगी तथा सायं 7 बजे विधि-विधान से जलाभिषेक करवाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रतिया

शिव चौक स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर से श्री नीलकंठ महादेव कावड संघ के चेयरमैन कमल अरोड़ा के नेतृत्व में 18 सदस्यीय दल बम-बम भोले के उद्घघोष के साथ कावड लेने के लिए रवाना हुआ। शनिवार रात्रि को श्री नीलकंठ महादेव कावड़ संघ की कावड़ यात्रा को श्री नीलकंठ महादेव कावड़ संघ के प्रधान रमन बलाना ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कावड़ लेकर जाने वाले शिव भक्तों में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर संघ के चेयरमैन कमल अरोड़ा ने बताया कि यह डाक कावड़ 26 फरवरी को हरिद्वार से महशिवरात्रि के दिन रतिया पहुंचेगी तथा सायं 7 बजे विधि-विधान से जलाभिषेक करवाया जाएगा। इस अवसर पर अवी वधवा, डॉ पीयूष अरोड़ा आदि सदस्यों ने बताया कि पिछले करीब 25 बर्षों से उनके कावड़ संघ के सदस्य वर्ष में दो बार कावड़ लेने के लिए हरिद्वार जाते है। हनुमान मंदिर पुजारी के सुपुत्र ने बताया कि यहां महाशिवरात्रि पर्व बडी धूमधाम से मनाया जाएगा और महशिवरात्रि को कावडियों के लिए लंगर की व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर प्राचीन श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## संगत ने चलाया सफाई अभियान, लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रतिया


शहनशाह रुहानी सत्संग दरबार खरकां द्वारा अनाज मंडी रतिया में 2 मार्च को विशाल रुहानी सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। वार्षिक सत्संग कार्यक्रम को लेकर आज सत्संग द्वारा शहर भर में सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान में सैकड़ों सेवादारों ने भाग लेकर अपनी सेवा निभाई। सेवादारों ने बुढ़लाडा रोड, फतेहाबाद रोड, मंडी रोड, मेन बाजार, अनाजमंडी रोड सहित अनेक क्षेत्रों में गंदगी के ढेरों को उठाकर साफ सफाई करवाई गई। यह जानकारी देते हुए सचिव भीरा राम, हंसराज, वकील नथवान, रुप सिंह हड़ौली, बलवीर सिंह ने बताया कि शहनशाह रुहानी सत्संग दरबार खरकां के मुखी श्री गुरु दाता शहनशाह जी श्रद्धालुओं को परम सुखदायी प्रवचन सुनाकर निहाल करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दिन गुरू का अटूट लंगर चलाया जाएगा। रुहानी सत्संग को लेकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से श्रद्धालुओं को 2 मार्च को ज्यादा संख्या में अनाज मंडी रतिया में पहुंच कर श्री गुरु दाता शहनशाह के अनमोल, परम सुखदायी प्रवचन श्रवण कर जीवन सफल आह्वान किया।


रतिया। शहर में सफाई अभियान चलाते हुए संगत।

## फतेहाबाद की जूनियर महिला हॉकी टीम ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

- हिसार के खेल स्टेडियम में हुई 11वीं सब जूनियर महिला हॉकी स्टेट चैम्पियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद



हिसार के खेल स्टेडियम में हुई 11वीं सब जूनियर महिला हॉकी स्टेट चैम्पियनशिप में फतेहाबाद की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर ब्रॉन्ज मेडल जीता। फतेहाबाद हॉकी एसोसिएशन ने खिलाडिय़ों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। एसोसिएशन के सचिव और टीम के कोच रणसिंह ओला ने बताया कि चैम्पियनशिप 18 फरवरी को शुरू हुई थी और 22 फरवरी को समाप्त हुई। फतेहाबाद टीम ने पहले मैच में पानीपत को 4-0 से हराया। दूसरा मैच सिरसा के खिलाफ 2-0 से जीता। सेमीफाइनल में सोनीपत से 3-0 से हार गई। इसके बाद तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में जींद को 3-0 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। चैम्पियनशिप में हिसार ने गोल्ड और सोनीपत ने सिल्वर मेडल जीता। बैजलपुर के सरपंच हेमंत बैजलपुरिया, हॉकी खिलाड़ी पवन ओला और संदीप नैन ने खिलाडिय़ों को बधाई दी। उन्होंने टीम को आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।


सिरसा। अतिथियों का स्वागत करते कार्यक्रम आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## फ्रेशर पार्टी में थिरके विद्यार्थी

**सिरसा।** राजेंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज के प्रांगण में फ्रेशर पार्टी 2025 बॉलीवुड एक्स्ट्रावगंजा का आयोजन किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। वंश एंड ग्रुप ने सर्वप्रथम बॉलीवुड मेलोडी थीम पर डांस प्रस्तुत किया। फार्मेसी विभाग की छात्रा नीलम ने राजस्थानी डांस किया। इसके उपरांत प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों का रैंपवॉक, एक्टिविटी राउंड तथा प्रश्न उत्तर राउंड रखा गया। प्रथम वर्ष की छात्रा ममता ने पंजाबी डांस भांगड़ा की प्रस्तुति दी। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की प्रतिभा, पर्सनेलिटी तथा प्रतिभागिता के आधार पर कर्ण को मिस्टर फ्रेशर एवं निशा को मिस फ्रेशर चुना गया जिसके लिए उन्हें मंच पर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. संजीव कालरा ने प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब उन्होंने अपने करियर के नए पड़ाव में कदम रखा है।

## माधोसिंघाना की पूनम का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

जिला के गांव माधोसिंघाना की बेटी पूनम ने दिल्ली पुलिस की ट्रेनिंग पूरी कर अपने गांव लौटकर सभी का मान बढ़ाया। डॉ. आंबेडकर युवा क्लब और उनके परिजनों ने मिलकर भव्य स्वागत किया। पूनम ने एक साधारण और गरीब परिवार से होते हुए भी कड़ी मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया। पूनम न केवल अपने परिवार बल्कि ससुराल पक्ष का भी नाम रोशन कर रही हैं। शादी के बाद गांव खारिया की बहू बनी पूनम को उनके पति अजय मेहरा और ससुराल वालों का पूरा सहयोग मिला। उनके परिवार ने हमेशा उनका हौसला बढ़ाया, जिसके चलते उन्होंने दिल्ली पुलिस की नौकरी प्राप्त की। डॉ. आंबेडकर युवा क्लब के अध्यक्ष सनी चालिया ने पूनम की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इसी अवसर पर हाल ही में हरियाणा पुलिस में भर्ती हुए निखिल का भी सम्मान किया गया। डॉ. आंबेडकर युवा क्लब ने दोनों का बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा देकर स्वागत किया। दोनों ने विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए अपनी मेहनत के बल पर यह सफलता हासिल की। पूनम के पति अजय मेहरा ने भी युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।


सिरसा। पूनम का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**अधिकारों को लेकर महिलाओं में जागरुकता जरूरी: एएसपी**

# सीडीएलयू में स्त्री-पुरुष समानता पर वर्कशॉप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से पुलिस विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग स्थानीय चौ देवीलाल विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में शनिवार को स्त्री पुरूष समानता में नागरिक दायित्व व शैक्षणिक संस्थाओं की भूमिका पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में शिक्षाविदों, साहित्यकारों, मनोवैज्ञानिकों और छात्रों ने बढ़-चढक़र भाग लिया।एसडीएम कालांवाली सुरेश राविश ने बतौर मुख्यअतिथि, एएसपी उत्तम श्री ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। इस मौके पर एएसपी उत्तम श्री ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को दोहराया कि केवल महिलाएं ही स्वयं को सशक्त बना सकती हैं। महिलाओं को स्वयं के अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी है, भारतीय संविधान में संपत्ति अधिकार, घरेलू हिंसा कानून, और यौन शोषण से बचाव के लिए कानून बनाए गए हैं। पोक्सो एक्ट में बच्चों के साथ यौन अपराध करने वालों पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। इसके अलावा महिला उत्पीडऩ, यदि कोई कमेंट करे, टच या तस्वीर के माध्यम से ब्लैकमेल करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई संभव है। यदि कार्यस्थल पर कोई उत्पीडन होता है तो, आंतरिक शिकायत समिति में महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। प्रदेश के हर जिले में आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 लागू है, किसी भी आपात स्थिति में 6 मिनट में पीसीआर मौके पर पहुंचती है। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए सिरसा में 86 हॉटस्पॉट बनाए गए हैं, जहां विशेष गश्त और निगरानी की जाती है। महिला पुलिस को भी इस पहल में शामिल किया गया है, ताकि महिलाएं बिना किसी झिझक अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकें।

कार्यक्रम में सीडीएलयू के रजिस्ट्रार डॉ. राजेश बंसल, डॉ. रविंदर पुरी, उप निदेशक डॉ. दर्शना सिंह, सीडीएलयू से युवा कल्याण निदेशक प्रो. मंजू नेहरा ने भी अपने विचार रखें। मंच संचालन पुलिस मुख्यालय पंचकूला से पहुंचे जनसंपर्क अधिकारी राजीव रंजन ने किया। उर्दू के शायर शम्श तबरेजी ने महिला सशक्तिकरण व उनके अधिकारियों को लेकर कई नज्म पेश की और अपने विचार रखें। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. सविता सिंह वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ी। पंचकुला से शुरूआत समिति संस्था से बच्चों ने जिंदगी ना मिलेगी दौबारा और वसुंधरा करे पुकार नाटक के माध्यम से मार्मिक संदेश दिया। चित्रकार राजेंद्र भट्ट, डॉ. रेणू बारीवाल, डॉ. मोहन जांगिड़ व डॉ. किशोर कुमार मीणा ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित पेंटिंग का प्रदर्शन किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुदेश ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सिक्योरिटी इंचार्ज बलवान सिंह, दर्शना व कोमल को मुख्यअतिथि ने सम्मानित किया।



सिरसा। कार्यक्रम को संबोधित करते महिला पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### ट्यूबेल से सामान चोरी में कबाड़ी सहित दो लोग काबू

**सिरसा।** डिंग थाना पुलिस ने बीते दिन डिंग थाना क्षेत्र के गांव शेरपुरा में स्थित खेत से दो ट्यूबवेलों का समान चोरी करने के मामले में कबाड़ी सहित दो लोगों को काबू किया है। डिंग थाना प्रभारी भीम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नरेश कुमार पुत्र सेवाराम व धर्मवीर पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव जोधकां के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में गांव शेरपुरा निवासी सुभाष चंद्र पुत्र रामेश्वर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीती 18 फरवरी को कोई अज्ञात युवक मेरे व मेरे भाई के खेत में लगे ट्यूबवेलों का समान चोरी करके ले गया। शिकायत के आधार पर डिंग थाना में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। जांच के दौरान डिंग थाना पुलिस ने आरोपी नरेश कुमार को गांव जोधकां क्षेत्र से काबू कर लिया। गिरफ्तार किए गए युवक से पूछताछ करने पर उसने बताया कि ट्यूबवेल चोरी का सामान जोधकां निवासी धर्मवीर कबाड़ी को बेच दिया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की निशानदेही पर चोरीशुदा ट्यूबवेल का सामान व वारदात में प्रयुक्त वाहन बरामद कर लिया है।

### बंद पड़े मकान से नकदी व सामान चोरी

**सिरसा।** शहर के अग्रसेन कॉलोनी गली नंबर 8 में एक बंद मकान से चोर नगदी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में अश्विनी कुमार ने बताया कि उसका दामाद व बेटी भादरा बाजार में खाई वाली गली में रहते हैं। उसने बताया कि पिछले कुछ समय से वे दिल्ली में रह रहे हैं और घर की देखभाल वह स्वयं करता है। उसने बताया कि इसी का फायदा उठाकर चोर रात को घर में घुसकर अलमारी का ताला तोडक़र 8 जोड़ी पाजेब चांदी, 1 सिलेंडर, 1 इनवर्टर 2 बैटरी और घर में लगी टूटियां, घर में रखे पीतल के बर्तन चोरी कर ले गए। सुबह पड़ोस के लोगों ने घर का गेट खुला होने के बाबत सूचना दी। जब वह मौके पर पहुंचा तो अंदर कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। सामान संभाला तो उपरोक्त सामान गायब था। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### आरे से हजारों का सामान चोरी

**सिरसा।** नटार रोड स्थित आरे से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 24 नोहरिया गेट निवासी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि उसका नटार रोड पर लकड़ी का आरा है। उसने बताया कि बीती 20 फरवरी की शाम को वह आरे का गेट बंदकर घर आ गया। देर रात को चोरों ने दीवार फांदकर अंदर घुसकर दो बिजली की मोटर, एक लोहे का खराद मशीनरी का अड्डा, एक ग्राइंडर मशीन, एक कटर मशीन, टूल का सारा सामान, बिजली का सामान जिसमें बिजली की तार के दो बंडल, चार बिजली के एक्सटेंशन बोर्ड, इसके अलावा कुछ अन्य औजार चोरी कर ले गए। सुबह जब वह आरे पर आया तो अंदर जाने पर उसे घटना का पता चला। सामान संभाला तो उपरोक्त सामान गायब था। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गोविंद गुप्ता सीए प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त

**सिरसा।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा सीए प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नितिन बंसल ने अपनी टीम में नई नियुक्तियां करते हुए सिरसा से सीए गोविंद गुप्ता को जिले की कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। गोविंद गुप्ता ने अपनी नियुक्ति पर सीएम नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन बड़ौली और सीए प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नितिन बंसल का आभार प्रकट किया। गोविंद गुप्ता ने कहा है कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा से पूरा करेंगे। गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन की सरकार जनकल्याणकारी कार्य कर रही है। हरियाणा लगातार व्यापार और आर्थिक तौर पर बढ़ रहा है।

### कोठी से तारें चुराने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** हुडा सैक्टर में एक कोठी में घुसकर तारें चोरी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान कृष्ण पुत्र औमप्रकाश निवासी गढ़ी मोहल्ला फतेहाबाद के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 3 फरवरी को एडवोकेट अमित वढ़ेरा की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह हुडा सैक्टर 3 में कोठी बना रहा है। गत दिवस कोठी में काम बंद था। जब वह कोर्ट में था तो उसने कोठी में लगे कैमरे को चैक किया तो पाया कि वहां गेट के तौर पर लगाया गया लकड़ी का फट्टा हटा हुआ था। जब उसने कैमरे की फुटेज की जांच की तो पाया कि एक युवक उसकी कोठी में घुस रहा है। उसने आरोप लगाया कि उक्त युवक उसकी निर्माणाधीन कोठी से बिजली की डाली गई तारें इकट्ठी करके चोरी कर ले गया है। चोरीशुदा तारों की कीमत करीब 20 हजार रुपये थी। चोरी की इस घटना में उसका करीब 2 लाख रुपये का नुकसान हुआ है क्योंकि अब उसे सारी बिजली की नई तारें फॉल सीलिंग को तोडक़र नए सिरे से डलवानी पड़ेंगी। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज किया और जांच अधिकारी एएसआई मलकीत सिंह ने आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### स्वच्छ जल स्वच्छ मन कार्यक्रम का किया आयोजन

**रतिया।** निरंकारी भवन ब्रांच रतिया के सेवादल द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के तहत स्वच्छ जल स्वच्छ मन का आयोजन किया गया। अधिकारी महात्माओं के आदेशानुसार रतिया बाजार में स्थित सरकारी पशु हस्पताल की पुरानी इमारत के आसपास सेवादल के सदस्यों द्वारा सफाई की गई। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की रहनुमाई में बाबा हरदेव सिंह के जन्म दिवस पर प्रदुषण अंदर का हो या बाहर का दोनों ही हानिकारक है, महावाक्य को साकार करते हुए सेवादल द्वारा सेवा कार्य किया गया। इस मौके पर मुखी सतप्रकाश शर्मा, संचालक रहमत, शिक्षक मदन लाल सहित काफी संख्या में संगत उपस्थित थी।